बी सी एम स्कूल ,चण्डीगढ़ रोड लुधियाना

सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ बीसीएम फाउंडेशन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त

कक्षा- पाँचवी विषय-हिंदी

कार्य पत्रिका

I.निम्न गदयांश को ध्यान से पढ़िए और सही विकल्प के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

अब्राहम लिंकन का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। लिंकन इतने गरीब थे कि पढ़ाई करना भी उनके लिए संभव नहीं था, लेकिन उनकी लगन ने उनकी हिम्मत नहीं तोड़ी। पढ़ाई करने के लिए उन्हें मज़दूरी करनी पड़ी। वह दिन में मज़दूरी करते और रात में लकड़ियाँ जलाकर उनकी रोशनी में पढ़ाई किया करते थे। उनकी मेहनत रंग लाई और एक दिन वे वकील बन गए। वकील बनने के बाद भी वे साधारण पोशाक पहनते और अपनी वकालत करते। अपनी मेहनत, सच्चाई और ईमानदारी की वजह से अब्राहम लिंकन एक दिन अमेरिका के सोलहवें राष्ट्रपति बने। उन्होंने ही अमेरिका में दास प्रथा का अंत किया था।

१. लिंकन का पूरा नाम क्या था ?

(i) मार्क्स लिंकन   (ii) वेनिस लिंकन   (iii) अब्राहम लिंकन (iv) कार्ल लिंकन

२. लिंकन ने अमेरिका में कौन सी प्रथा का अंत किया ?

(i)   दहेज प्रथा   (ii) परदा प्रथा   (iii) दास प्रथा   (iv) बाल - विवाह

३. लिंकन पढ़कर क्या बने ?

(i) डॉक्टर   (ii) वकील   (iii) अध्यापक   (iv) जज

४. निम्न शब्दों के समानार्थक शब्द लिखो:-

१. दिवस-   २. रात्रि-

५. विलोम शब्द -

१.अमीर -   २.रात-

६. गदयांश में से दो संज्ञा शब्द छाँट कर भेद का नाम लिखें -

७. गदयांश में से दो सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखें -

II. किसने कहा किससे कहा-

1. "देख लो हमारे दोस्त को, ब्याह में नहीं आया । "
2. "अच्छा,अच्छा भई एक ही लूँगा ।"
3. "खेती में क्या रखा है ? "
4. "मुझसे सवाल नहीं होता । "
5. "क्यों दोस्त, देते हो एक दातुन । "
6. "क्यों बेटे ! मेरे साथ क्लब चलोगे ? "
7. "एक आम की कीमत हुई तीन बटा दो आना। "
8. "अब माफ़ भी कर दे बच्चे हैं !"

9."आप कहें तो नीम से भी माफ़ी माँग लूँ। "

10."चार आमों का कितना दाम हुआ ? "

11. "तुमने सवाल कर लिया ?"

12."बाहर नहीं जाओगे, बैठकर पढ़ो । "

III. निम्न उपसर्ग लगा कर दो-दो नए शब्द बनाओ –

1. अ -	**2. प्र -**	**3.नि -**	**4.अभि-**
5.अप-	**6. आ -**	**7. उप -**	**8. वि -**
9. परा-	**10.अनु-**	**11. अव-**	**12. अधि-**

IV.नीचे दिए गए मुहावरों का सही अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग करें –

1.आकाश से बातें करना

2.आकाश - पाताल एक करना

3. आँख लगना

4.नौ - दो ग्यारह होना

5. हाथ बँटाना

6.खून - पसीना एक करना

7.घाव पर नमक छिड़कना

8. दंग रह जाना

V.निम्न वाक्यों को शुदध करके लिखो -

1. सड़क में मत खेलो ।

2. युद्ध में अनेकों सैनिक मारे गए ।

3. मैंने मेरा जन्मदिन धूमधाम से मनाया ।

4. मुझको खाना खाना है ।

5. आज वीरवार का दिन है ।

6. पेड़ में चिड़िया बैठी है ।

7. मुझको पाठ याद करना है ।

8.मेरे को मीठाअच्छा नहीं लगता ।

VI.   रेखांकित शब्द का वचन बदलकर वाक्य को दोबारा लिखो -

1.मीना ने बाज़ार से <u>पुस्तक</u> खरीदी ।

2.मेरी दादी जी ने मुझे <u>कहानी</u> सुनाई ।

3.कमरे की बंद <u>खिड़की</u> खोल दो ।

4.<u>लड़का</u> मैदान में दौड़ रहा है|

5.माँ ने बाज़ार से <u>सब्ज़ी</u> खरीदी ।

6. कल <u>मैं</u> पिकनिक पर जाऊँगा ।

7.<u>नदी</u> बह रही है

8.<u>बच्चा</u> पढ़ रहा है।

VII. विलोम शब्द -

1.उदय -	2.कोमल -	3.नवीन -	4.पाप-	5. स्वतंत्र-
6- सत्य	7.अंधकार-	8.गुण-	9. हार-	10.अपमान-